पिछले तीन वित्तीय वर्षों में अर्जित लाभ निम्न प्रकार है :--

1974-75	(--) 17.29 लाख रुपये (हानि)
1975-76	23.49 लाख रुपये (लाभ)
1976-77	4.5 लाख रुपये (लाभ) (लेखों की लेखा परीक्षा और उनको अन्तिम रूप दिये जाने के अधीन)

(ख) अध्यक्ष और 4 अन्य निदेशकों के मासिक वेतनों पर वर्ष 1976-77 की अवधि में किया गया औसत व्यय 15,87.00 रुपये है।

(ग) जी, नहीं।

Production of Documentary Film to Propagate 20-Point and 5-Point Programmes

2224. SHRI RAMANAND TIWARY: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government have made any enquiry into the production of documentary films to propagate 20-point and 5-point programmes of the former Government; and

(b) if so, the total films produced and the total expenditure involved?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI L. K. ADVANI): (a) No enquiry as such has been ordered on these films. However, the Enquiry Committee on Misuse of Mass Media has gone into certain aspects of the production of some of the films on the subject.

(b) 31 films were produced on subjects pertaining 20-point and 5-point programmes of the former Government and the total expenditure involved on the production, including dubbing and cost of prints, of these films comes to Rs. 69,38,953.91.

भारतीय कोयला प्राधिकरण के मुख्यालय का अन्तरण

2225. **श्री रामानन्द तिवारी :** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जब कोयले का 60 प्रतिशत से अधिक उत्पादन बिहार में होता है तब भारतीय कोयला प्राधिकरण का मुख्यालय कलकत्ता में रखने का क्या कारण है; और

(ख) क्या सरकार का विचार भारतीय कोयला प्राधिकरण के मुख्यालय को निकट भविष्य में धनबाद में लाने का है ?

ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन) : (क) कोल इंडिया लिमिटेड का मुख्यालय निम्नलिखित कारणों से कलकत्ता में रखा गया है :—

(i) कलकत्ता ऐसा वाणिज्यिक केन्द्र है, जहां खनन कम्पनियां बहुत समय से अपना काम कर रही हैं।

(ii) सभी खानों तक आने जाने की सर्वाधिक सुविधा यहीं से है।

(iii) विभिन्न कोयला खनन कम्पनियों के मुख्यालयों में काम करने वाले अधिकांश कर्मचारी कलकत्ता में ही थे। इसी तरह यद्यपि सब से बड़ा कार्यालय कलकत्ता में है किन्तु प्रमुख परिचालन मुख्यालय—अर्थात् सहायक कम्पनियों के मुख्य कार्याल